पाठ–15

# दानापुर से गौरा तक

यश और आयुष अपने माता–पिता के साथ दानापुर में रहते हैं। उन्होंने गर्मी की छुट्टियों में अपने गाँव गौरा जाने का कार्यक्रम बनाया। यह गाँव लक्खीसराय जिले में है।



सुबह के 05:30 बजे ही उनके घर पर ऑटो–रिक्शेवाला आ गया। सभी लोग उस पर सवार होकर पटना जंक्शन आ गये। 07:00 बजे तूफान एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म पर लग गई। वे उस पर सवार हो गये। सुबह लगभग 09:30 बजे गाड़ी लक्खीसराय पहुँची।



वहाँ से उनके गाँव की ओर रेलवे–लाइन नहीं थी। वे लोग लक्खीसराय उतरे और गाँव जाने वाली बस पर चढ़े। बस में बहुत भीड़ थी। बस स्टैण्ड पर यश के चाचा–चाची उन्हें लेने आये हुए थे। सभी लोग टमटम पर सवार होकर घर तक पहुँचे।

दादा–दादी को देखते ही बच्चे उनसे लिपट गये। आयुष ने कहा– आज हम लोगों को बहुत मजा आया। सवेरे से हम लोग कई तरह के वाहनों पर चढ़े। कभी ऑटो पर तो कभी रेल पर फिर बस में और फिर टमटम पर। यश ने कहा चलती हुई रेलगाड़ी से पीछे की ओर भागते पेड़–पौधों और घरों को देखना बहुत अच्छा लग रहा था।



आयुष ने कहा– मुझे तो सबसे ज्यादा मज़ा टमटम पर आया। घोड़े की टप–टप और टमटम वाले की बोली दोनों अच्छी लग रही थी।

**1. आपने भी कभी यात्रा की होगी? बताइए आपने कहाँ–से–कहाँ तक की यात्रा की है?**

—————————————————————————————

—————————————————————————————

**2. यात्रा के दौरान आपने कौन–कौन से वाहनों की सवारी की?**

—————————————————————————————

—————————————————————————————

3. आपने अन्य कौन–कौन से वाहन अपनी यात्रा में देखे हैं? उन सभी वाहनों की सूची बनाइए।

______________________________________________

______________________________________________

4. इनमें से कौन–से वाहन पेट्रोल अथवा डीजल से चलते हैं?

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

**कौन–सा वाहन कहाँ :**

बहुत सारे वाहन जमीन पर चलते हैं, तो कुछ वाहन पानी पर। कुछ वाहन आसमान में भी उड़ते नजर आते हैं।

5.(i) क्या आप बता सकते हैं कि कौन–से वाहन जमीन पर चलते हैं, कौन–से पानी पर तथा कौन–कौन से हवा में उड़ते हैं?

| क्र.सं. | जमीन पर चलनेवाले वाहन | पानी पर चलनेवाले वाहन | हवा में उड़नेवाले वाहन |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

(ii) इस तालिका में आपका पसन्दीदा वाहन कौन–सा है? उसके बारे में चार लाइनें लिखिए तथा उसका चित्र बनाइए।

______________________________________________

______________________________________________

आपके पसंदीदा वाहन का चित्र

6. वाहन हमारे आवागमन के साथ–साथ ढुलाई के भी काम आते हैं। क्या आप बता सकते हैं कि कौन–कौन से वाहन का उपयोग किस–किस काम में होता है?

| क्र.सं. | वाहन का नाम | यात्रा हेतु उपयोगी | सामान लाने व ले जाने के लिए | यात्रा एवं सामान लाने व ले जाने दोनों के लिए |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बस | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

**7. मिलान कीजिए**

| | |
|---|---|
| रेलगाड़ी | आसमान |
| बस | पानी |
| हवाई जहाज | सड़क |
| नाव | पटरी |

**8. यात्रा में लगनेवाले समय के आधार पर इनको धीमी गति से तेज गति के क्रम में लिखिए–**

पैदल, बैलगाड़ी, रेलगाड़ी, साइकिल, हवाई जहाज, बस

1. ———————— 2. ——————————— 3. ——————————

4. ———————— 5. ——————————— 6. ——————————

## यातायात क्यों ?

यश और आयुष अपनी फुफेरी बहन खुशी और दादा–दादी के साथ शाम को घूमने निकले। दादी ने कहा– गाँव पहले की तुलना में बहुत बदल गया है। यहाँ भी शहरों की तरह लोगों की भीड़–भाड़ बढ़ गई है।

दादा बोले– सड़क के बनने से गाँव में काफी सुविधा हो गई है। प्याज के लिए ज्यादा बड़ा बाजार हो गया है। देखो, कितने सारे वाहन प्याज की ढुलाई में लगे हुए हैं। सभी लोग उस तरफ देखने लगे जहाँ ठेले, बैलगाड़ी, ट्रक एवं ट्रैक्टर लगे हुए थे, जिन पर प्याज की बोरियाँ लादी जा रही थीं।



खुशी ने कहा – इतने सामान को ढोने के लिए वाहन को बहुत ताकत की जरूरत होती होगी। आखिर वाहन में ताकत आती कहाँ से है?

आयुष बोला – कुछ वाहन पशुओं की ताकत से चलते हैं जबकि कुछ डीजल या पेट्रोल वाले ईंधन से। कुछ वाहनों को आदमी अपने से भी खींचता है।

**9. आप बताइए, कौन–से वाहन किसकी ताकत से चलते हैं?**

| पशुओं के द्वारा चलने वाला वाहन | आदमी के द्वारा खींचे जाने वाला वाहन | ईंधन के द्वारा चलने वाला वाहन |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

बातों–बातों में यश ने कहा कि वाहन के अनुसार उसके पहियों का आकार और बनावट भी अलग–अलग होती है।

खुशी बोली – कुछ वाहन के पहिये रबड़ के बने होते हैं तो कुछ वाहनों के पहिये लकड़ी के। रेलगाड़ी का पहिया तो लोहे का बना होता है।

**10. आपने भी वाहनों के पहियों को देखा होगा। बताइए किस वाहन का पहिया किस चीज़ का बना होता है?**

| वाहन का नाम | पहिया किस चीज़ का बना है? |
|---|---|
| ------------------ | ------------------ |
| ------------------ | ------------------ |
| ------------------ | ------------------ |
| ------------------ | ------------------ |

आयुष ने कहा– विभिन्न प्रकार के वाहनों में पहियों की संख्या अलग–अलग होती है।

**11. क्या आप पहियों की संख्या के आधार पर वाहनों के नाम लिख सकते हैं?**

| दो पहिया वाहन | तीन पहिया वाहन | चार पहिया वाहन | छः पहिया वाहन | छः पहिया से अधिक संख्या वाला वाहन |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

अंधेरा घिरने लगा था। सभी लोग घर की ओर लौटने लगे तभी यश ने पूछा, "दादाजी पहिया इतनी आसानी से घुमता कैसे है?"

दादा बोले – इसे समझने के लिए चलो घर पर कुछ करते हैं। उन्होंने बच्चों को टेबुल पर रखी किताब को सरकाने के लिए कहा। फिर बोले अब किताब के नीचे दो पेंसिल डाल कर किताब को सरकाओ। सभी बच्चे ऐसा करने लगे। आप भी करके देखें और समझें कि किताब आसानी से सरक रही है या नहीं।

आयुष ने कहा – अब मैं समझ गया। पेंसिल गोल है इसलिए किताब आसानी से सरक रही है। अब मैं भी गोल–गोल पहियों वाली अपनी गाड़ी बनाता हूँ।

## सोचकर कीजिए–

**12. यदि यातायात के साधन नहीं हों तो क्या होगा?**

____________________________________________

____________________________________________

13. क्या यातायात के साधनों से हमें कोई नुकसान भी होता है?

________________________________________________

________________________________________________

14. अपने पसन्दीदा वाहनों के चित्रों को इकट्ठा कीजिए और नीचे बने बॉक्स में चिपकाएँ।

CCC